आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

गृहमंत्री अमित शाह ने आज गाजियाबाद में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल –एनडीआरएफ के 'राष्ट्रपति ध्वज समारोह' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ ने दो दशक की अल्पावधि में देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों का विश्वास जीता है।

एनडीआरएफ को राष्ट्रपति–का सम्मान दिया गया ये हम सबके लिए गौरव और प्रतिष्ठा की बात है। ये सम्मान एनडीआरएफ के समस्त बल के सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण के संचित गुणों का सम्मान है। बीस साल के कम अंतराल के अंदर आपदा बचाव के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नक्शे पर रखने का काम एनडीएमए ने और एनडीआरएफ ने किया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में आयोजित 'डिफाइनिंग नाइन इयर्स ऑफ ट्रान्सफॉर्मेशनः फ्रॉम प्रोग्रेस टू प्रोसपैरिटी–उत्तर प्रदेश लीड्स अहेड' कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर अब किसी भी सेक्टर में चाहे वह सुरक्षा हो, रोजगार हो या फिर एग्रीकल्चर ग्रोथ, विकास का एक नया मॉडल देखने को मिल रहा है।

अब विकास केवल लखनऊ में या वाराणसी में या गोरखपुर तक सीमित नही है। पचहत्तर के पचहत्तर जनपदों में विकास एक साथ प्रारंभ होता है। एक साथ चलता है। बिजली अब केवल लखनऊ, प्रयागराज या किसी एक जनपद में नही सभी पचहत्तर जनपदों में और सभी अट्ठावन हजार ग्रामपंचायतों में समान रूप से मिलती है। कोई भेदभाव किसी साथ नहीं होता है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में विस्तारित मंत्रिमंडल की पहली बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और उत्तरदायी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन बचत की अपील और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल का असर दिखने लगा है। प्रस्तुत है एक विशेष रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से प्रभावित होकर लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर राधा कृष्ण धीमन ने आज अपने आवास से कार्यालय तक साइकिल चलाकर पहुंचे। वहीं अयोध्या नगर निगम ने फैसला लिया कि अब सप्ताह में प्रत्येक सोमवार को महापौर, पार्षद और अधिकारी पब्लिक ट्रांसपोर्ट और कार पूलिंग के जरिए नगर निगम कार्यालय पहुंचेंगे। इस बीच, कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने भी सार्वजनिक परिवहन और ई–वाहनों के उपयोग किए जाने और विश्वविद्यालय की बैठकों को अधिक से अधिक ऑनलाइन आयोजित करने का निर्देश दिया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद सरकार की विभिन्न पहलों के कारण देश में ईंधन के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध हैं।

वेस्ट एशिया क्राइसिस के लगभग पचहत्तर दिन हो चुके हैं और इसके चलते हमारे क्रूज एलपीजी और एलएनजी इम्पोर्ट इफेक्ट हुए हैं। परन्तु भारत सरकार ने कई इफेक्टिव टेस्ट किये हैं, जिसके चलते हमारे पास पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और नेचुरल गैस के पर्याप्त स्टॉक अवेलेवल है।

****

मौसम विभाग ने कल से मौसम के शुष्क रहने की संभावना जतायी है। विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल से दिन के समय कहीं कहीं लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस बीच, पिछले छत्तीस घंटों में आंधी–पानी व बिजली गिरने की घटनाओं में प्रदेश भर से करीब साठ लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने के समाचार हैं। एक रिपोर्ट–

मौसम में अचानक आए बदलाव ने राज्य भर में व्यापक तबाही मचा दी है। आंधी, भारी बारिश और बिजली गिरने से कई लोगों की जान चली गई है। प्रयागराज में 17, भदोही जिले में 15, मिर्जापुर में 10, फतेहपुर में 9, बदायूं में 5 और बरेली जिले में 4 लोगों की मौत हो गई है। 100 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

मौसम में हुए बदलाव के कारण हुई जनधन की हानि को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

****